# मेवाड़ विश्वविद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय के केंद्रीय सभागार में विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेवाड़ एड्यूकेशन सोसायटी के चैयरमेन गोविंद गदिया द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विश्वविद्यालय के डीन आर के पालीवाल ने प्रतिभागियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाऐ देते हुए सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। गदिया ने विभिन्न ऐतिहासिक पहलुओं एवं उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों की भूमिका के बारे में समझाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में आर के गदिया, रजिस्ट्रार डॉ ओपी गुप्ता, डीन डी के शर्मा, निदेशक हरीश गुरनानी, ओएसडी विधानी, समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस मनाया

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय के केंद्रीय सभागार में विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा शिक्षक दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। मुख्य अतिथि मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी के चैयरमेन गोविंद गदिया थे। डीन आरके पालीवाल ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। गदिया ने विभिन्न पहलुओं के माध्यम से शिक्षकों की भूमिका के बारे में बताया।